Title: Need to construct embankment on rivers in Maharajganj, Uttar Pradesh with a view to protect it from flood water of rivers originating from Nepal. − Laid.

*** श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज, उ0प्र0) :** महोदय, हमारे निर्वाचन क्षेत्र महाराजगंज में अनेक नदियां नेपाल से प्रवेश करती हैं। लेकिन बाढ़ आ जाने के कारण इन नदियों का पानी महाराजगंज में प्रवेश कर जाता है, जिससे फसल आदि को भारी नुकसान होता है और बड़ी संख्या में मवेशी बाढ़ में बह जाते हैं। यदि महाराजगंज में नदियों के पाट को चौड़ा कर दिया जाये और नदियों पर तटबंध बना दिये जायें तो नेपाल से प्रवेश करने वाली नदियों के पानी का सदुपयोग किया जा सकता है और महाराजगंज को बाढ़ के प्रकोप से बचाया जा सकेगा।

अतः सरकार से अनुरोध हे कि महाराजगंज में नदियों पर शीघ्र ही पक्के तटबंध लगाये जायें तथा नदियों के पाट को चौड़ा किया जाये ताकि बाढ़ के कारण महाराजगंज को होने वाली भारी क्षति से बचाया जा सके और बाढ़ के पानी का सदुपयोग किया जा सके।

*** Treated as laid on the Table**